भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1344
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों से अर्जित राजस्व

1344. श्री हाजी फजलुर रहमान:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने और संबंधित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अथवा उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है; और
(ख) विगत चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितने विदेशी पर्यटक भारत आए और पर्यटन से कितना राजस्व अर्जित हुआ है?

उत्तर
पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाज़ार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने हेतु देश के विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और पर्यटन गंतव्यों को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यटन सृजनकारी बाज़ारों में भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है।

उक्त उद्देश्यों को एकीकृत विपणन तथा संवर्धनात्मक कार्यनीति और यात्रा व्यापार जगत, राज्य सरकारों तथा भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से पूरा किया जाता है। सरकार औद्योगिक विशेषज्ञों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ लगातार संपर्क में रहती है और भारत के विविध पर्यटन उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु इनके सुझावों और फीडबैक लेती है। आगंतुको के आगमन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "अतुल्य भारत ! विजिट इंडिया इयर 2023" की घोषणा की है।

भारत में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2023 के दौरान विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मेलों में भाग लिया जैसे कि फिटूर 2023, मैड्रिड, स्पेन (18-22 जनवरी 2023); आईटीबी बर्लिन (7-9 मार्च 2023); अरेबियन ट्रेवल मार्किट 2023, दुबई (1-4 मई 2023); आईएमईएक्स फ्रेंकफर्ट (17-19 अक्तूबर 2023); ओटीडीवाईकेएच लेज़र, मॉस्को, रूस (12-14 सितम्बर 2023); टीओपी रेसा, पेरिस, फ्रांस (3-5 अक्तूबर 2023); नई दिल्ली में पीएटीए ट्रेवल मार्ट 2023 (4-6 अक्तूबर 2023); आईटीबी, एशिया, सिंगापुर (25-27 अक्तूबर 2023); जेएटीए, ओसाका, जापान (26-29 अक्तूबर 2023); डब्ल्यूटीएम लंदन (6-8 नवम्बर 2023)।

(ख): **विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए)**

वर्ष	भारत में एफटीए (मिलियन में)
2019	10.93
2020	2.74
2021	1.52
2022	6.44
2023 (जनवरी-सितम्बर)	6.43

विदेशी मुद्रा आय (एफईई)

वर्ष	विदेशी मुद्रा आय (करोड़ में)
2019	216467
2020	50136
2021	65070
2022	139935
2023 (जनवरी-सितम्बर)	1,66,660

*****